## संपादकीय

# दुनिया मेरी मुट्ठी में

तीन बच्चों की मां और उम्र के 35वें पायदान पर लेकिन मुक्के बाजी की विश्व चैंपियनशिप में सर्वाधिक पदकों का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराने वाली मैरीकॉम जीती-जागती किंवदंती बन चुकी हैं। दिल्ली के केडी जाधव इंडोर हॉल में आयोजित 10वीं एआईबीए महिला विश्व चैंपियनशिप के 48 किलो भार वर्ग में चीन की वू यू को पराजित करके मैरीकॉम ने न केवल सेमीफाइनल में प्रवेश किया बल्कि विश्व चैंपियनशिप में अब तक का अपना सातवां पदक भी पक्का कर लिया। उन्होंने इस एकतरफा मुकाबले में वू यू को 5-0 की शिकस्त देकर ब्रोंज मेडल पर कब्जा किया। वह सेमीफाइनल में उत्तर कोरिया की किम हयांग मी से लोहा लेंगी। अपनी इस जीत के लिए वे पूरी तरह आश्वस्त दिखती हैं क्योंकि बकौल एमसी मैरीकॉम उन्होंने पिछले टूर्नामेंट में किम हयांग को पटखनी दी थी। यह एशियन चैंपियनशिप थी। ध्यान रहे कि मैरीकॉम पहले मुकाबलों में 5 स्वर्ण और एक रजत पदक जीत चुकी हैं। अब वह विश्व चैंपियनशिप इतिहास की अव्वल -सफल मुक्के बाज बन चुकी हैं। उम्र के इस पड़ाव में जब कामयाबियों की फेहरिस्त लिए महिला खिलाड़ी गृहस्थी की ओर लौटती हैं, ऐसे में करिअर को बुलंदियों पर ले जाना बेहद मुश्किलभरा काम है। ऐसे में गृहस्थी का भार नि:संदेह टेढ़ी खीर है।

दरअसल मैरीकॉम ने पदकों का रिकार्ड बनाकर उस धारणा को तोड़ा है कि मुक्के बाजी पुरुषों की बपौती है। दिलचस्प यह कि इस खेल के रिंग में मैरीकॉम का पहला मुकाबला एक पुरुष मुक्के बाज से ही था। सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ खेल को जारी रखना और पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन मैरीकॉम के ही बूते की बात है। वह राज्यसभा सांसद भी हैं और कई जनकल्याण कार्यों से जुड़ी हैं। पद्मश्री, पद्मभूषण अर्जुन अवार्ड और राजीव गांधी खेल र आदि राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित मैरीकॉम ने 18 साल की उम्र में वर्ष 2001 में अंतर्राष्ट्रीय करिअर शुरू किया। तब उन्होंने अमेरिका में आयोजित वीमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 48 किलो भार वर्ग में हिस्सा लेकर पहला मेडल (सिल्वर) जीता था। उसके बाद तो उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मेडल-दर-मेडल जीतने वाली मैरीकॉम के जीवन पर फीचर फिल्म भी बन चुकी है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा ने उनकी भूमिका अभिनीत की थी।

# कच्चे तेल की कीमत पिछले 13 महीनों में सबसे कम, उत्पादन घटाना शुरू कर सकता है ओपीईसी

लंदन (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत पिछले एक साल के निम्नतम स्तर पर है। यह स्थिति तब है जब तेल उत्पादक सप्लाई में कमी के लिए उत्पादन कम करने पर विचार कर रहे हैं। इतना ही नहीं, इस नवंबर पिछले 4 साल में किसी एक महीने में तेल के दाम सबसे ज्यादा गिरे हैं।

अमेरिका की अगुआई में तेल की आपूर्ति मांग के मुकाबले तेजी से बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की सरप्लस न हो, इसके लिए तेल निर्यातकों का संगठन ओपीईसी (ऑर्गनाइजेशन ऑफ द पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कन्ट्रीज) उत्पादन घटाने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। 6 दिसंबर को ओपीईसी की बैठक है, जिसके बाद माना जा रहा है कि सदस्य देश उत्पादन घटाना शुरू कर देंगे। नवंबर में अभी तक कच्चे तेल की कीमत में 20 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई है। शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमत 60 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे पहुंच गई थी। यह अक्टूबर 2017 के बाद से सबसे निचला स्तर है।

दूसरी तरफ, इस साल ऑइल प्रॉडक्शन में बढ़ोतरी हुई है। इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी के मुताबिक, इस साल अकेले गैर-ओपक देशों का ही तेल उत्पादन 23 लाख बैरल प्रति दिन बढ़ा है। अगले साल तेल की मांग में 13 लाख बैरल प्रति दिन बढ़ोतरी का अनुमान है। कम मांग के अनुरूप उत्पादन करने के लिए सऊदी अरब ने गुरुवार को कहा कि वह तेल की आपूर्ति घटा सकता है।

# चीन के कर्जजाल में देश, हर नागरिक पर 5 लाख 65 हजार का कर्ज

## पूर्व राष्ट्रपति का दावा

माले (आरएनएस)। हिंद महासागर में स्थित छोटा से द्वीपीय देश और भारत के पड़ोसी मालदीव में चुनाव के बाद सत्ता परिवर्तन हुए एक हफ्ता हो गया है। भारत समर्थक माने जाने वाले नए राष्ट्रपति सालिह के प्रशासन ने कहा है कि देश की आर्थिक स्थिति उम्मीद से भी बदतर हो चुकी है।

इस बीच पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने दावा किया है कि मालदीव पर चीन का कर्ज 3.2 अरब डॉलर (करीब 22,611 करोड़ रुपये) का कर्ज है। बता दें कि नशीद मौजूदा राष्ट्रपति सालिह के सलाहकार भी हैं।

# भारत में 2022 तक क्लाउड कंप्यूटिंग क्षेत्र में सृजित होंगे 10 लाख रोजगार: रिपोर्ट

मुंबई (आरएनएस)। छोटी-बड़ी सभी कंपनियों में क्लाउड कंप्यूटिंग आज वक्त की जरूरत बनती जा रही है और दुनियाभर में इस क्षेत्र में लाखों पेशेवरों की जरूरत है। ग्रेट लर्निंग की रिपोर्ट के अनुसार 2022 तक इस क्षेत्र में देश के भीतर ही 10 लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे। ग्रेट लर्निंग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वर्तमान में क्लाउड टेक्नॉलजी ढांचे पर कंपनियां अपने पारंपरिक टेक्नॉलजी खर्च से साढ़े चार गुना अधिक निवेश कर रही हैं। 2020 तक इसके और तेज होने की उम्मीद है। ग्रेट लर्निंग कामकाजी लोगों को टेक्नॉलजी शिक्षा देने वाला एक मंच है। रिपोर्ट को वरिष्ठ क्लाउड विशेषज्ञों, रोजगार देने वाले प्रबंधकों के साथ संवाद और उच्च गुणवत्ता की औद्योगिक शोध रिपोर्टों के आकलन से तैयार किया गया है। रिपोर्ट मुताबिक आने वाले साल में सूचना टेक्नॉलजी पर किया जाने वाला खर्च लगभग निजी, सार्वजनिक या हाइब्रिड क्लाउड के विकास पर खर्च होगा।

# ऑनलाइन बिजनस में आइकिया की अब तक एंट्री नहीं, फिर भी ऐमजॉन पर बिक रहा कंपनी का सामान

नई दिल्ली (आरएनएस)। स्वीडन की रिटेलर आइकिया ने हैदराबाद में अपना पहला स्टोर हाल ही में खोला है। कंपनी ने भारत में अपना सामान ऑनलाइन बेचना अभी शुरू नहीं किया है, लेकिन ऐमजॉन पर आइकिया के प्रॉडक्ट्स ऑनलाइन बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। आइकिया के बढ़ते क्रेज का फायदा उठाते हुए कई सेलर्स ने आइकिया प्रॉडक्ट्स को ऑनलाइन बेचना शुरू कर

दिया है। स्टूल, कुर्सी, सॉसपन जैसे कई समान ऐमजॉन पर मिल रहे हैं। ये सेलर हैदराबाद के आइकिया के स्टोर से सामान खरीद इसे ऑनलाइन बेच रहे हैं। आइकिया इंडिया की प्रवक्ता ने कहा, हम बड़े और छोटे फॉर्मेट वाले स्टोर ऑपरेट करेंगे, इके अलावा डिजिटल मीटिंग की जगहें भी डिवेलप की जाएंगी। हम 2019 में मुंबई में ई-कॉमर्स लॉन्च करने जा रहे हैं। इसके बाद अलग शहरों में भी इसे लॉन्च किया जाएगा। कंपनी की प्रवक्ता ने बताया कि आइकिया का ऑनलाइन सेल के लिए ऐमजॉन के साथ कोई करार नहीं है।

# टी10 क्रिकेट: 10 ओवर में जड़ दिए 183 रन बना रेकॉर्ड

नई दिल्ली (आरएनएस)। टी20 के बाद अब क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट टी10 ने भी रफ्तार पकड़ ली है। शारजहां में जारी टी10 लीग का शुक्रवार को नॉर्दन वॉरियर्स और पंजाबी लेजंड्स के बीच लीग का 8वां मैच खेला गया, तो यहां टी10 क्रिकेट का नया रेकॉर्ड बना गया।

## आज का राशिफल

**मेष:** आप का दिन मित्रों और सामाजिक कार्यों के पीछे भागदौड़ में बीतेगा। धन खर्च भी करना पडेगा। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। बड़ो से सहयोग भी प्राप्त होगा। आकस्मिक धनलाभ हो सकता हैं। प्रवास और पर्यटन होगा।

**वृषभ:** आज का दिन शुभ फलदायी हैं। व्यवसाय में प्रगति होगी। कार्यालय में अधिकारियों से सहयोग प्राप्त होगा। परिवारिक जीवन में सुख और संतोष प्राप्त होगा। मित्रों से मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**मिथुन:** आज मन परेशान और स्वास्थ्य नरम रहेगा। कार्य करने में उत्साह की कमी रहेगी। व्यवसायिक स्थल पर भी अधिकारी और सहकर्मियों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा। धन खर्च हो सकता हैं। प्रतिस्पर्धियों से सावधान रहें।

**कर्क:** आज नकारात्मक भाव हावी रहेगा। क्रोध पर भी आज संयम रखना होगा। खर्च अधिक होने की संभावना हैं। परिजनों के बीच कोई विवाद न हो इसका ध्यान रखें। नए कार्यों का प्रारंभ आज न करें।

**सिंह:** आज जीवनसाथी से तालमेल की कमी हो सकती हैं। सेहत का ध्यान रखें। सामाजिक मामलों में व्यवहार संयमित रखें, अपमान से बचेंगे। साझेदारों के साथ मतभेद हो सकता हैं। कोर्ट-कचहरी से दूर रहें।

**कन्या:** व्यावसायिक क्षेत्र में आज यश प्राप्त होने की संभावना हैं। सहकर्मियों से सहयोग प्राप्त होगा। परिवारिक वातावरण में सुख का अनुभव होगा। शारीरिक और मानसिकरूप से आप स्वस्थ रहेंगे। अधिक लाभ होगा।

**तुला:** आपकी मधुर वाणी से लोग प्रभावित होंगे। परिश्रम की तुलना में परिणाम कम हो सकता है। कार्य में संभलकर आगे बढ़ना होगा। अपाय की पीड़ा होने से खान-पान में ध्यान रखें। साहित्य लेखन की प्रवृति में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** शारीरिक और मानसिकरूप से अस्वस्थता के कारण व्यग्रता बनी रहेगी। माता का स्वास्थ्य बिगाड़ सकता है। धन और रकीर्ति की हानि हो सकती हैं। परिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण हो सकता हैं। अनिद्रा सताएगी।

**धनु:** सेहत अच्छी रहेगी। नए कार्य का मुहूरत करने के लिए समय अनुकूल हैं। सेहजीवों के साथ समय आनंद पूर्वक बिताएंगे। धर्म कर्म में रुचि रहेगी। मित्रों और सेहजीवों के साथ मिलना हो सकता हैं।

**मकर:** परिजनों के साथ मनलफहमी या मनमुटाव के प्रसंग हो सकते हैं। निरर्थक खर्च होगा। शेयर में पूंजी-निवेश संभलकर करें। गृहणियों को आज असंतोष हो सकता हैं।

**कुंभ:** आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभप्रदी है। मित्रों और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। प्रवास और पर्यटन का आनंद उठा सकेंगे। ईश्वर का ध्यान करें और अनैतिक कार्यों से दूर रहें।

**मीन:** आज सभी कार्यों में मन की एकाग्रता से फायदा होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिजनों के साथ मतभेद हो सकता हैं।

# किसी को भूल से भी न दें उपहार में गणेश जी की मूर्ति

आप लोगों ने देखा होगा कि ज़्यादातर लोग किसी के घर में शुभ काम होने पर उन्हें तोहफे के तौर पर भगवान की मूर्तियां देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि भगवान की मूर्ती देने के कुछ नुकसान भी हैं। चलिए आज हम आपको यह जानकारी देते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार किसी को भी भगवान की मूर्ती तोहफे में देना अच्छा नहीं माना जाता है, भगवान की मूर्ती को सिर्फ खुद के लिए ही खरीदना चाहिए। इसके पीछे की जो वजह है वो है भगवान की मूर्ती की सही से विधि-विधान पूर्वक की जाने वाली देखभाल, क्योंकि भगवान को घर में स्थापित किया जाता है और उसकी देखभाल के लिए बातों का ध्यान रखा जाता है।

भगवान की मूर्ति गिफ्ट के तौर पर जब भी कभी हम देते हैं, तो यह हमें पता नहीं रहता है कि वो व्यक्ति उस मूर्ती का कैसे ख्याल रखेगा। नियम और विधि-विधान से उसकी देखभाल करेगी कि नहीं। इसलिए सोच समझकर ही भगवान की की मूर्ति किसी को देनी चाहिए। उदाहरण के तौर पर गणेश जी मूर्ति को किसी को गिफ्ट के तौर पर नहीं देना चाहिए, क्योंकि ऐसा माना गया है कि इससे आपके पास जमा किया धन नष्ट हो सकता है। क्योंकि गणेश जी को ऋद्धि-सिद्धि का पति माना गया है और इन्हें धन की देवी भी माना जाता है। ये दोनों को सदा भगवान गणेश के आसपास ही रहती है।

# तीसरे टी-20 इंटरनैशनल के लिए मिशेल स्टार्क टीम में शामिल

सिडनी (आरएनएस)। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को भारत के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनैशनल मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। स्टार्क चोटिल बिली स्टानलेक का स्थान लेंगे। स्टानलेक को शुक्रवार को वॉर्म-अप सेशन के दौरान टखने में चोट लग गई थी। इस वजह से वह सीरीज से बाहर हो गए हैं।

स्टार्क ने अपना आखिरी टी20आई मैच सितंबर 2016 में श्री लंका के खिलाफ कोलंबो में खेला था। स्टार्क का रविवार को सिडनी में खेले जाने वाले टी20आई के अंतिम एकादश में खेलना लगभग तय है। फरवरी 2014 के बाद घरेलू मैदान पर यह उनका पहला टी20 आई मुकाबला होगा।

स्टानलेक चोट के चलते मेलबर्न में खेले गए दूसरे टी20आई से पहले प्रैक्टिस सेशन में कैच लपकते हुए चोटिल हो गए थे। उनके स्थान पर नाथन कूल्टर नाइल को अंतिम एकदाश में शामिल किया गया था। शुक्रवार को खेला गया मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने 19 ओवरों में 132/7 का स्कोर बनाया था इसके बाद का खेल नहीं हो पाया था।

स्टार्क के साथ जोश हेजलवुड और पेट कमिंस को भारत के खिलाफ टी20आई सीरीज से आराम दिया गया था ताकि वह 6 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज से पहले पूरी तरह फिट हो सकें। इसके साथ ही इन तीनों गेंदबाजों को शेफीलड शील्ड लीग में भाग लेने से भी मना किया गया था लेकिन स्टानलेक की चोट के बाद स्टार्क को टीम में शामिल किया है। तीन मैचों की सीरीज में मेजबान ऑस्ट्रेलिया 1-0 से आगे चल रहा है। क्योंकि दूसरा मैच बारिश के कारण धुल गया था इसलिए तीसरा मैच सीरीज के परिणाम के लिहाज से काफी अहम है।

# डेविस कप : क्रोएशिया ने फाइनल में पहला अंक हासिल किया

पेरिस (आरएनएस)। क्रोएशिया ने डेविस कप के फाइनल में फ्रांस के खिलाफ शनिवार को यहां पहला अंक हासिल किया। बोर्ना सोरिक ने दो घंटे और 19 मिनट तक चले पुरुष एकल वर्ग के मुकाबले में फ्रांस के जेरेमी चार्डी को 6-2, 7-5, 6-4 से हराकर अपनी टीम को महत्वपूर्ण अंक दिलाया।

क्रोएशिया के मारिन सिलिक फाइनल में होने वाले दूसरे मुकाबले में मेजबान टीम के स्टार खिलाड़ी जो-विल्फ्रेड सोंगा को सामना करेंगे।

हालांकि, 2018 में अधिक चोटिल होने के कारण सोंगा अधिक मैच नहीं खेल पाए हैं। फ्रांस और क्रोएशिया उत्तरी फ्रांस में स्थित शहर लिले में डेविस कप का फाइनल मुकाबला खेल रही है।

## शब्द सामर्थ्य-98

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़काना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | ■ | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | | | | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | | 16 |
| 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | ■ | ■ |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | ■ |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 97 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू-दोकू-98

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.97 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## जानिए बालूशाही बनाने की रेसिपी

उत्तर भारत, पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश में खास मौकों के अलावा आमतौर पर भी परोसे जाने वाले बालूशाही की यहां अलग ही शान हैं। देसी घी की खुशबू और चाशनी का मीठापन ओढ़े बालूशाही का स्वाद किसी को पसंद न आए ऐसा कम ही देखने को मिलता है। अलग-अलग जगहों पर इसका अलग-अलग रंग-रूप देखने को मिलता हैं। कहीं लाल तो कहीं नारंगी रंग लिए यह मिठाई खासतौर से भारत की ही देन है। देखने में तो यह डोनट की तरह होता हैं लेकिन इसे जो अलग बनाता है वह है इसका बेमिसाल स्वाद।

**स्वाद एक नाम अनेक**

दिल्ली की बालूशाही भारत के नक्शे में नीचे उतरते ही मक्खन बड़ा बन जाती है। आज भी जयपुर व उज्जैन जैसे शहरों में सालों पुरानी दुकानें मक्खन बड़े को अपने अनोखे अंदाज़ में पेश करती आ रही हैं। इन्हीं मक्खन बड़ों में हल्का सा बेकिंग सोडा मिलाकर इसे बाबुशा का रूप दिया जाता है जिसका स्वाद आपको दक्षिण भारत में ही चखने को मिलेगा। और तो और गोवा में भी आप इसकी शानों-शौकत देख सकते हैं। वहां के मेन्यू में इसका भक्त न पेड़ा नाम दर्ज है।